6.37 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव भूमि पूजन को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊः यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहमति तक पहुंचे निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कोशिशों में जुटी राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए तय लक्ष्य का करीब 50 प्रतिशत हासिल कर लिया है। जीबीसी के लिए 13 लाख करोड़ रुपये के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष प्रस्तावित निवेश का आंकड़ा 6.37 लाख करोड़ के करीब पहुंच गया है।

दीपावली के बाद होने वाले जीबीसी समारोह के लिए 5.20 लाख करोड़ रुपये के निवेश करार को तकरीबन अंतिम रूप दे दिया गया है। इनमें 1370 वे कंपनियां भी शामिल हैं, जिन्होंने यूपीजीआइएस में सरकार के साथ कोई करार नहीं किया था। इन कंपनियों के माध्यम से 64,631 करोड़ रुपये के निवेश की बात कही जा रही है। बता दें कि यूपीजीआइएस में 25 हजार से अधिक कंपनियों ने करीब 35 लाख करोड़ रुपये का एमओयू किया था, जो कि अब बढ़कर 38.28 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए एक तिहाई से अधिक निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधा गया है। भूमि पूजन समारोह के लिए अब तक अंतिम रूप से चयनित कंपनियों द्वारा प्रस्तावित निवेश यदि जमीन पर उतरता है तो करीब 18 लाख रोजगार सृजन के आसार हैं।

संबंधित खबर » 17

- 13 लाख करोड़ रुपये रखा गया है ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लक्ष्य
- बिना एमओयू 1370 कंपनियां भी करेंगी 64 हजार करोड़ का निवेश

जीबीसी लक्ष्य के सापेक्ष कुछ ऐसी है स्थिति (करोड़ रुपये में)

विभाग	जीबीसी लक्ष्य	प्रोजेक्ट की संख्या	प्रस्तावित निवेश
कृषि विभाग	3,750 .00	13	110 .77
पशुपालन विभाग	1,250 .00	33	246 .01
चीनी उद्योग	1,250 .00	8	1,225 .00
दुग्ध विकास	12,500 .00	36	1,122 .07
अतिरिक्त ऊर्जा	1,25,000 .00	54	74,637 .87
नागर विमानन	00	1	4,000 .00
ऊर्जा विभाग	37,500 .00	2	30,530 .00
आबकारी विभाग	12,500 .00	30	5,045 .23
सूचना एवं जनसंपर्क	1000 .00	5	116 .54
चिकित्सा शिक्षा	8,750 .00	204	4,663 .82
कौशल विकास	6,000 .00	7	4,191.35
वन विभाग	6,250 .00	120	3,815 .22
हथकरघा व वस्त्रोघोग	31,250 .00	167	3,800 .00
उच्च शिक्षा	62,500 .00	26	50,986 .10
खाद्य प्रसंस्करण	52,500 .00	32	533 .71
आवास	1,00,000 .00	234	26,164 .26
आइटी इलेक्ट्रानिक्स	1,25,000 .00	22	47,822 .52